16-12-19 बार संघ का कार्य स्थगन प्रस्ताव/हड़ताल के कारण अभिभाषकगण उपस्थित नहीं। पीठासीन अधिकारी अन्य कार्यों में व्यस्त हैं पत्रावली दिनांक 27.12.19 को पेश हो

27/12/19 वकील उभयपक्ष उपस्थित प्रार्थना पत्र O-7-R-11 CPC बहस हेतु समय चाहा पत्रावली वास्ते बहस प्रार्थना पत्र दिनांक 10-1-20 को पेश हो।

10.01.2020 उभयपक्ष के अधिवक्ता उपस्थित प्रार्थना पत्र आदेश 7 नियम 11 सी.पी.सी. पर उभयपक्ष के अधिवक्तागण की बहस सुनी गई पत्रावली वास्ते आदेश प्रार्थना पत्र दिनांक 27.01.2020 को पेश हो।

27.01.2020 उभयपक्ष के अधिवक्ता गत पेशी पर सुनी गई बहसपर मनन किया गया पत्रावली का अवलोकन किया बाद अवलोकन पाया कि प्रतिवादी संख्या 4 व 6 द्वारा जरिये अधिवक्ता दिनांक 28.08.2019 को प्रार्थना पत्र आदेश 7 नियम 11 सी.पी.सी. प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत कथन किया गया कि वादीया द्वारा उक्त वाद पत्र आराजी चक 2 के.एन. जे. व चक 3 के.एन.जे. की भूमि बावत अन्तर्गत धारा 88, 53, 188 आर.टी.ए. प्रस्तुत किया गया है, जबकि वाद ग्रस्त भूमि का वाद पत्र प्रस्तुत करनें से पूर्व ही दिनांक 19.03.2019 को विभाजन होकर दिनांक 26.03.2019 को विभाजन हो चुका है। चुंकि उक्त भूमि का विभाजन वादपत्र प्रस्तुत करनें से पूर्व हो चुका है। जिस कारण हम वादीया को हम प्रार्थीगण के विरूद्ध कोई वाद कारण हासिल नहीं है। इस कारण वादिया द्वारा अपनें कब्जा काश्त में चक 3 के. एन.जे. के पत्थर नम्बर 114/265 किला नम्बर 11 विभाजन में बलजीतसिंह पूर्ण पूर्णसिंह को प्राप्त हुई है। व वादीया द्वारा अपनें वाद पत्र में बलजीतसिंह को पक्षकार मुकद्मा नहीं बनाया गया है। वादीया द्वारा गलत ब्यानी कर पूर्ववर्ती दस्तावेज के आधार पर उक्त वाद पत्र प्रस्तुत किया गया है। वादीया स्वच्छ हाथों से माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं आई है। वादीया को प्रार्थीगण के विरूद्ध कोई वाद हेतुक प्राप्त नहीं है। व इसी आधार पर वाद वादीया खारिज किये जानें योग्य है।

वादीया द्वारा जरिये अधिवक्ता दिनांक 30.09.2019 को जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत कथन किया गया कि प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्य निराधार व बिना दस्तावेजी साक्ष्यों का अवलोकन किये प्रस्तुत किया गया है, जो अस्वीकार

..........लगातार

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Kapil Kumar Yadav
Date: 2020.01.30 16:48:18 IST
Reason: SelfAttested